हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

4 जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसानों का पंजीयन ...



2 शहर में धनतेरस की धूम त्योहार की रौनक ...











**खबर संक्षेप**

## युवा समिति दिवाली पर तीन दिन उत्सव मनाएगा

**गुरूर।** श्री महालक्ष्मी युवा समिति बासीन द्वारा दीपावली के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है जिसमे मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापना भी की जाएगी। जिसके तहत 18 अक्टूबर को दीप प्रज्वलित एवं मूर्ति स्थापना की जाएगी। 22 अक्टूबर को हवन पूजन होगा। 23 अक्टूबर को विसर्जन एवं शोभायात्र का आयोजन किया जाएगा। जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोशण लाल साहू रहेंगे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत गंगोरीपार प्रिलिलता नीलम करेंगे। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत भोथली चुन्नी महेन्द्र साहू करेंगे। अतिथि मे सरपंच ग्राम पंचायत बासीन छगन लाल गजपाल, अध्यक्ष दाउ मोहन लाल शासकीय महाविद्यालय बासीन विरेन्द्र सांहड़ा, मीजी राम निशाद, अध्यक्ष शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बासीन हुमन लाल साहू, पूनमचंद साहू, मनहोरी यादव, उपसरपंच ग्राम पंचायत बासीन लखन लाल साहू, डॉ लेखू साहू, डॉ तीजू राम साहू, डॉ निकेश साहू, रामेश्वर, अश्वनी गंगबेर व समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

**त्योहार**

# शहर में धनतेरस की धूम त्योहार की रौनक से जगमगाए बाजार

### कुम्हारों और फूल व्यापारियों के चेहरे खिले, दीयों और मूर्तियों की हो रही जोरदार बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

- शहर प्रशासन और पुलिस की विशेष तैयारियां, सुरक्षित और स्वच्छ त्योहार का संदेश

त्योहारों की खुशबू, दीयों की रोशनी और खरीददारी की रौनक ने पूरे दल्लीराजहरा शहर को धनतेरस के रंग में रंग दिया है। शुक्रवार सुबह से ही बाजारों में भारी भीड़ उमड़ने लगी। मुख्य बाजार, स्टेशन चौक, बस स्टैंड रोड, न्यू मार्केट और कुम्हार पसरा तक हर ओर सजावट, रोशनी और मुस्कुराहटों का माहौल देखने को मिला। सोना–चांदी और बर्तनों की दुकानों पर पैर रखने की जगह नहीं

धनतेरस के शुभ मुहूर्त में धन-संपत्ति की खरीद शुभ मानी जाती है। इसी परंपरा के चलते दल्लीराजहरा शहर के सराफा बाजार में रौनक देखते ही बनी। सोना, चांदी, चांदी के सिक्के, लक्ष्मी-गणेश प्रतिमाएं और पीतल-तांबे के बर्तनों की दुकानों पर लोगों की भीड़ सुबह से ही लगी रही। दुकानदारों के चेहरों पर मुस्कान है सबका कहना था कि इस बार बिक्री पिछले साल की तुलना में दोगुनी हो रही है, जैसे सच में धन की वर्षा हो रही हो।

**इलेक्ट्रॉनिक और ऑटो सेक्टर में भी खरीदारी का बढ़ी :** धनतेरस के मौके पर इलेक्ट्रॉनिक शोरूमों में टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, मोबाइल और दोपहिया





वाहनों की खरीददारी जोरों पर रही। शहर के प्रमुख शोरूम मालिकों ने बताया कि ऑफर और फेस्टिव स्कीमों के चलते ग्राहक उत्साहित हैं। कई जगह "धन वर्षा ऑफर" और "लक्ष्मी गृह प्रवेश योजना" जैसे आकर्षक ऑफर भी लोगों को लुभा रहे हैं। धनतेरस का शुभ समय और धार्मिक महत्व, पंडितों के अनुसार, धनतेरस का दिन धन्वंतरि जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन दीप जलाने, लक्ष्मी-गणेश की पूजा और नई वस्तु या धातु खरीदने का विशेष महत्व होता है। शाम 7:10 से 8:45 बजे तक का मुहूर्त शुभ बताया गया है। इस दौरान दीपक जलाकर घर और व्यवसाय स्थल पर समृद्धि की कामना की जाएगी।

#### कुम्हारों और फूल व्यापारियों के चेहरे खिले

धनतेरस के साथ दीपावली पर्व नजदीक आने से कुम्हार पसरा में भी रौनक बढ़ गई है। मिट्टी के दिए, गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियाँ और सजावटी दीपों की बिक्री जोरों पर है। स्थानीय कुम्हारों ने बताया कि इस बार उनकी मेहनत रंग लाई है दीये बिक रहे हैं, उम्मीदों में उजाला है।

#### शहर प्रशासन और पुलिस की तैयारी

त्योहार को देखते हुए नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने बाजार क्षेत्रों में विशेष व्यवस्थाएँ की हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस जवानों की तैनाती की गई है, वहीं सफाई व्यवस्था और बिजली आपूर्ति को दुरुस्त रखा गया है ताकि त्योहार का आनंद निर्बाध बना रहे। धनतेरस का संदेश हर घर में समृद्धि, हर दिल में उजाला।

## राइस मिल स्थापना के लिए भूमि सीमांकन का कोटेरा के ग्रामीणों ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

- कृषि भूमि बचाने एकजुट हुए कोटेरा के ग्रामीण, प्रशासनिक अमले को बिना सीमांकन कराए लौटना पड़ा

शुक्रवार को ग्राम कोटेरा में शासन द्वारा प्रस्तावित श्री गुरुदेव राइस इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के लिए की जा रही भूमि सीमांकन की प्रक्रिया का ग्रामीणों ने जोरदार विरोध किया। सीमांकन के लिए पहुंचे एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं पुलिस बल की उपस्थिति में ग्रामवासियों ने राइस मिल स्थापना के खिलाफ एकजुट होकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के विरोध के चलते प्रशासनिक अधिकारियों को बिना सीमांकन कराए वापस लौटना पड़ा। इस दौरान मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष जनक लाल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार, शासन द्वारा ग्राम कोटेरा की 14.99 हेक्टेयर भूमि को फूड पार्क एवं अन्य औद्योगिक प्रयोजनों के लिए आवंटित किया गया है। इसी भूमि के सीमांकन हेतु यह कार्यवाही निर्धारित की गई थी, जिसका ग्रामवासियों ने पुरजोर विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि पहले से ही लगभग 6 एकड़ भूमि चावल गोदाम के लिए, 6 एकड़ बीज निगम को, तथा 2 से 3 एकड़ भूमि जल शोधन संयंत्र के लिए दी जा चुकी है।ग्रामवासियों ने बताया कि वे अपनी कृषि योग्य भूमि को किसी भी औद्योगिक परियोजना के लिए नहीं देना चाहते। उनका कहना है कि यह भूमि उनके जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है, और यदि इसे उद्योगों को दे दिया गया तो गांव की आजीविका संकट में पड़ जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक भूमि अधिग्रहण या सीमांकन की प्रक्रिया पूरी तरह निरस्त नहीं की जाती, उनका विरोध आंदोलन के रूप में जारी रहेगा। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी एकत्र हुए और शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासन के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराया। अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यवाही रद्द होने के बाद प्रशासनिक अमला बैरंग लौट गया।

## डौंडीलोहारा स्कूल में एनुका ने कराया नेवता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला डौंडीलोहारा की व्याख्याता एनुका ने अपनी मां के स्मृति में 6वीं से 12वीं तक के समस्त छात्र-छात्राओं को नेवता भोज कराया। उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष विद्या शर्मा और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष लिलेंद्र सिन्हा तथा पार्षद सूर्यकला ठाकुर तथा वैभव पूजा साहू उपस्थित थे।

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त कर नगर एवं विद्यालय का नाम रोशन करने पर बधाई और शुभकामनाओं के साथ शाल,श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान कर एनुका शार्वा का स्वागत अभिनंदन किया। इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष टेकाम जी ने बच्चों के लिए नवाचारी प्रयोग करने पर एनुका को बधाई दी। नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय ने व्यक्तिगत रूप से एनुका शार्वा,सौरभ शर्मा तथा हेमंत साहू द्वारा बच्चों के लिए लगातार कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए अपने तरफ से हर संभव मदद करने की बात कही। वरिष्ठ व्याख्याता प्रदीप मेश्राम ने विद्यालय की गतिविधियों और बच्चों के सर्वांगीण विकास में सुश्री शार्वा की योगदान को सराहा। प्राचार्य आर एल तारम ने सुश्री एनुका शार्वा को बधाई देते हुए इतनी अधिक संख्या (700) में बच्चों को भोजन करने के लिए उन्हें साधुवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षा जगत से सियाराम शार्वा, वाई के दिल्लीवार, खेमन्त साहू, शिवेंद्र बहादुर, नरेंद्र यादव,डुप्ले साहू, लवण साहू, डी आर साहू, आर एस देशमुख,कपिल पटेल संगीता वैदे,पुष्पा कटेंद्र,छाया नंदा, हेमपुष्पा नायक, तेजेश्वरी साहू, आर एन योगी, सूर्योदय मानिकपुरी, भूपेंद्र पटेल, मोहित भौसार्य, नरेंद्र साहू,राकेश कोठारी, ईश्वरी निधि तथा समस्त कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित थे।

रेड क्रॉस और स्काउट गाइड के बच्चों ने संभाल पूरा मोर्चा, जिसमें आयुषी श्वेता वेनिका विद्या यामिनी निधि सुनिधि चेष्टा ऑन ओमान अमर लालकृष्ण कुणाल लेहान रामानंद देविका भूमिका यामिनी टिकेश्वरी का विशेष सहयोग रहा।

## बजरंग दल ने देवी-देवताओं वाले फटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

दीपावली के पर्व पर फटाखा व्यवसायियों द्वारा हिन्दु देवीदेवताओं का चित्र लगे हुए फटाखों की बिक्री किया जाता है। उस पर पाबंदी लगाने बालोद जिला बजरंग दल ने बालोद एसडीएम को एक पत्र सौंपा व मांग किया कि बालोद शहर में फटाखों की दुकानों में फटाखों पर देवी–देवताओं का चित्र लगे हुए फटाखों की बिक्री होती है। जिससे सनातन परंपरा के मानने वालों की भावनाएं आहत होती है, क्योंकि जब उस फटाका को फोड़ा जाता है तो सड़कों, चौक–चौराहों पर देवी–देवताओं की फटी फोटो बिखरा हुआ मिलता है और आने–जाने वालों के पैरों के नीचे आता है। जिससे कि हमारी देवी–देवताओं का अपमान होता है, इससे सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था पर गहरी ठेस पहुंचता है। इसलिए प्रशासन के द्वारा इस दिशा में त्वरित कदम उठाकर देवी–देवताओं का चित्र लगे हुए फटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाकर फटाखा दुकानों में निगरानी व जांच करने की जाए। मांगपत्र सौंपने वालों में जिला सहमंत्री मोनू सोनवानी, जिला संयोजक बजरंग दल प्रदीप मिनपाल, दीपक राठौड़, आदि धुर्वे, सचिन, दीपेश सहित अन्य बजरंग दल के सदस्य उपस्थित थे।

## जुनवानी में शुरू हुई उचित मूल्य की दुकान, ग्रामीणों के चेहरे खिले

### गांव में राशन दुकान खुलने से ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद




जिले के डौंडी विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम जुनवानी में इस वर्ष दीपावली की खुशियाँ दोगुनी हो गई हैं। इसका कारण है, यहां के लगभग 70 परिवारों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में संभव हो पाया है।

ग्रामीणों को अब अपने ही गांव में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त हो रहा है, जिससे उन्हें अब 05 किलोमीटर दूर ग्राम भरऐंटोला नहीं जाना पड़ता। जहां कच्ची सड़कों के कारण विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को काफी परेशानी होती थी। लेकिन अब गांव में ही शासकीय उचित मूल्य की दुकान शुरू होने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी झलक रही है।

ग्राम जुनवानी के निवासी हरिश्चन्द्र नायक ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का परिणाम है कि वर्षों से चली आ रही हमारी समस्या का समाधान इस बार दीपावली से पहले ही हो गया है। इस बार दीपावली में हम ग्रामीणों की खुशियॉ दोगुनी हो गई है, अब हमें राशन के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है। इसी तरह ग्रामीण सालिक राम कोलियारा ने कहा कि पहले राशन लाने के लिए कच्चे रास्ते पर चलना पड़ता था। रास्ता खराब होने से राशन का सामान लाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, अब गांव में ही दुकान खुलने से महिला–पुरुष सभी को बड़ी राहत मिली है। ग्राम की बुजुर्ग महिला तीज बाई ने बताया कि पहले उन्हें हर बार किसी को साथ लेकर भरऐंटोला जाना पड़ता था, लेकिन अब गांव में ही राशन मिलने से वे स्वयं ही राशन लेने जाती हैं, जिससे सुविधा और आत्मनिर्भरता दोनों बढ़ी है।

इसी तरह अनिता कोलियारा ने कहा कि पहले जब राशन लेने दूसरे गांव जाते थे, तो एक दिन पूरा निकल जाता था और थकान भी बहुत होती थी, अब गांव में दुकान होने से समय की बचत और सुविधा दोनों मिल रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि संजय बैस ने बताया कि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन तिहार में आयोजित शिविर में गांव में राशन दुकान खोलने की मांग की थी, जिस पर शासन–प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम जुनवानी में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन शुरू कराया है।

ग्रामीणों ने कहा कि शासन के इस कदम से न केवल हम ग्रामीणों का समय और श्रम बचा है, बल्कि हमें शासन की योजनाओं का लाभ भी आसानी और सम्मानपूर्वक मिल रहा है। ग्राम जुनवानी के लोगों के लिए यह दीपावली उम्मीद, सुविधा और दोगुनी खुशी का पर्व बन गई है।



## आमटी प्रशिक्षण शिविर में प्राकृतिक खेती पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

- 62 किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा

केंद्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत किसानों को प्रोत्साहित कर प्राकृतिक खेती करने के लिए विकासखंड दुर्ग के ग्राम आमटी का चयन किया गया है। ग्राम के 62 कृषकों को 62 एकड़ जमीन पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए समय समय पर कृषकों को प्रशिक्षण दिया जाता है एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय व कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा में भी कृषकों को वैज्ञानिकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। ग्राम आमटी के कृषकों को वैज्ञानिकों द्वारा ग्राम में ही धान व अन्य फसलों में जैविक उत्पाद डालने के लिए उन्हीं के खेतों में जैविक उत्पाद बनाना सिखाया गया तथा रासायनिक कीटनाशकों के दुष्प्रभाव के बारे में किसानों को बता कर जैविक कीटनाशक के संबंध में किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाई जा रही है। जैविक उत्पाद के रूप में किसान अपने खेत में जैविक कीटनाशक स्वयं बनाकर अपने खेत में उपयोग कर रहे हैं, जिसमें किसानों को कम लागत में उच्च गुणवत्ता उक्त अनाज एवं सब्जी प्राप्त कर रहे हैं। उक्त कार्यक्रम में कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष गोकुल वर्मा, संचार समिति के अध्यक्ष लोमेश चंद्राकर, कृषि वैज्ञानिक उमेश पटेल, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नवीन खोबरागड़े, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दिव्या चंद्राकर ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, कृषक संगवारी अशोक चौधरी और ग्राम के कृषकगण उपस्थित रहे।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### बोडेना स्कूल में न्योता भोज कराया गया



**बालोद/अर्जुन्दा।** जिले के ग्राम बोडेना स्कूल में शुक्रवार को न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक प्राथमिक शाला बोडेना के सभी स्कूली बच्चों एवं शिक्षक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इसका उद्देश्य बच्चों के भोजन में पोषक तत्वों की पूर्ति करना साथ ही इसमें कोई भी व्यक्ति जैसे की जन्मदिन वर्षगांठ पर या कोई सामाजिक संगठन स्कूल में बच्चों को पौष्टिक भोजन करा सकते हैं।ग्राम बोड़ेना के सेवानिवृत्त शिक्षक डीआर. साहू के द्वारा अपने पुत्र के जन्मदिन पर न्योता भोजन का वितरण शासकीय पूर्व माध्यमिक प्राथमिक शाला बोडेना में किया गया।

### त्योहार में पुलिस अलर्ट गश्त और सुरक्षा बढ़ाई

**बालोद/निकुम।** अर्जुंदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 56 गांव में दीपावली पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट पर है, लगातार पुलिस क्षेत्र के गांव गांव जाकर गश्त कर रही है, बीट प्वाइंट व संवेदनशील जगह सहित शराब, जुआ सहित विवाद करने पर पुलिस सख्त कार्य वाही करने की तैयारी कर चुकी है। थाना प्रभारी अर्जुन्दा जोगिंदर साहू ने सभी से अपील करते हुए कहा कि दीपावली त्यौहार पारंपरिक, एकता भाव से मनाये, वही कही संदिग्ध व्यक्ति हो तुरंत पुलिस की सूचना करे।

### आईटीआई में 28 को प्लेसमेंट कैंप

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद के तत्वाधान में 28 अक्टूबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 02 नियोजकों द्वारा लगभग 800 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### कबाड़ी खरीदने के बहाने मिक्सर मशीन के सामान की चोरी

**बालोद।** घर के बाहर मिक्सर मशीन की मरम्मत कर रहे ठेकेदार का सामान दिन दहाड़े आंखो के सामने बाईक के माध्यम से कबाड़ी खरीदने आए युवको ने चुरा लिया। मिली जानकारी के अनुसार शहर के आमापारा निवासी विष्णु साहू सुबह घर बनाने के काम मे आने वाले मिक्सर मशीन की मैकेनिको के साथ मरम्मत कार्य कर रहे थे, इस दौरान वे संबंधित मशीन को बनाने के लिए उपयोग मे लाए जाने वाले कलपुर्जो व अन्य सामानो को घर के बाहर निकाल कर देख रहे थे, इसी दौरान दो बाईक सवार युवक आए और पहले तो एक युवक ने कबाड़ी खरीदने के बहाने पीड़ित युवक को उलझाया तथा दूसरे युवक ने पीड़ित युवक के काम मे व्यस्तता को देख मौका पाते ही सड़क की दूसरी ओर रखे लोहे के सामान को बोरी मे भरकर रफूचक्कर हो गए। जिसके बाद जब युवक को उक्त लोहे के सामान की याद आई तो युवक ने आस पास उक्त लोहे के सामान की छान बीन की, जब सामान ढूढने के बाद भी नही मिला तो युवक ने घर के बाहर लगे सीसीटीव्ही कैमरे की जांच की, जिसमे दो युवक सड़क के दूसरी ओर रखे लोहे के सामान को उठाकर ले जाते दिखे। जिसके बाद पीड़ित युवक ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जहां पुलिस जांच मे जुटी हुई है।

## धान खरीदी : तहसीलदार और अधीक्षक भू-अभिलेख ने पंजीयन कार्य का किया निरीक्षण

# जिले में एग्रीस्टेक पोर्टल पर किसानों का पंजीयन कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य मे सभी कृषकों का पात्रतानुसार शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित कराने हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए किसानों का पंजीयन का कार्य जारी है। जिससे कि जिले के सभी कृषकों को वास्तविक रकबे के आधार पर वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही जिले का कोई भी पात्र कृषक धान खरीदी योजना का समुचित लाभ लेने से वंचित न रहे।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में राजस्व, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों का शत प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा है। जिले के सभी सहकारी समितियों में 15 अक्टूबर से आयोजित शिविरों में राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारी नियमित रूप से पहुँचकर शेष सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित करा रहे हैं। इसके अंतर्गत आज 17 अक्टूबर को विशेष शिविर के तीसरे दिन जिले के एसडीएम तहसीलदार, अधीक्षक भू–अभिलेख, नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू–अभिलेख, आरआई, पटवारियों के साथ–साथ सहकारिता विभाग के अधिकारी–कर्मचारीगण सहकारी समितियों में पहुँचकर एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों का कराए जा रहे पंजीयन के कार्य का अवलोकन किया।

इस दौरान अधिकारियों के द्वारा मौके पर उपस्थित किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के ऐसे किसान जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत है किंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए है। सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में ऐसे सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे कृषक जो एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत है किंतु उनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है शिविरों में ऐसे सभी कृषकों की जानकारी एग्रीस्टेक पोर्टल में अद्यतन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु किसान संबंधित सहकारी समितियों के अलावा ग्राहक सेवा केन्द्रों में पहुँचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

इसके साथ ही एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान जिनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है वे सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर अपना व्यक्तिगत जानकारी अद्यतन करा सकते हैं। इन दोनों कार्यों के लिए किसानों को अपना किसान किताब, आधार कार्ड एवं मोबाईल के साथ निर्धारित स्थानों में उपस्थित होना अनिवार्य है। इसके अंतर्गत आज तहसीलदार गुरूर हनमुंत श्याम ने गुरूर तहसील के अंतर्गत ग्राम धनेली एवं बासीन सहकारी समितियों में पहुँचकर एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन कार्य का अवलोकन किया।

इसी तरह अधीक्षक भू–अभिलेख श्री देवव्रत साहू ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम देवरी बंगला एवं भंडेरा सहकारी समितियों में कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पंजीयन कार्य में लगे एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए शत प्रतिशत किसानों का समय पर पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु दिशा–निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित कोटवारों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए प्रत्येक किसानों के घरों में पहुँचकर पंजीयन सुनिश्चित कराने के संबंध में अनिवार्य रूप से जानकारी देने के निर्देश दिए।

### सड़क किनारे खड़ी बाइक में लगी आग, कारण अज्ञात



**बालोद।** मुख्य सड़क के किनारे बाईक खड़ी कर जंगल मे दोस्तो के साथ नास्ता करने गए। मार्ग में बाईक को जलता देख राहगिरो द्वारा आवाज देने पर जब युवक अपनी बाईक के पास आया तब तक पूरी बाईक जल गई। बाईक में आग कैसे लगी यह रहस्य है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खपरी लाटाबोड़ निवासी गिरधारी साहू बालोद दल्लीराजहरा मार्ग मे स्थित पर्यावरण पार्क के आगे स्थित जंगल में अपने दोस्तो के साथ नास्ता करने गया था। इस दौरान युवक बाईक को मुख्य मार्ग के किनारे खड़ा कर दिया था।

जहां दोस्तो के साथ नास्ता कर रहे युवक को जब आते जाते राहगिरो द्वारा बाईक मे आग लगने की आवाज लगाकर जानकारी दी गई तो युवक अपने दोस्तो के साथ मुख्य मार्ग पर रखे बाईक के पास पहुंचा, जहां युवक के आते तक आग ने विकराल रूप ले लिया था तथा युवक तथा आस पास के लोगो के द्वारा बाईक मे लगी आग को बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग नही बुझा और बाईक जलकर राख हो गई। वही खड़ी बाईक मे आग कैसे लगी यह जांच का विषय है।

## दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट, मामला दर्ज

### दीवार पर साड़ी ढकने को लेकर दो भाइयों के परिवार भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

एक दीवाल ने भाई को भाई का विरोधी बना दिया। नौबत दोनो परिवार मे गाली गलौज व मारपीट तक की आ गई। जिसके बाद दोनों ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम सिवनी आर्दश पारा वार्ड न0 3 का निवासी टीकम ढीमर ने पुलिस को बताया कि मेरी चाची चंद्रिका बाई ढीमर दोनो घर के बीच स्थित दिवाल मे साडी से दिवाल को डकी थी, यह दिवाल दोनो के कब्जे में है, जिसका अधिक दिवाल को चाचा, चाची अपने कब्जे में ले लिये है, हम लोगो के लिये कम दिवाल छोडे है। साडी को दिवाल से हटाने की बात पर चाचा मेरे पिता भारत लाल से झगडा विवाद कर रहे थे, उसी समय मैं आया तो मुझे और माता, पिता को गाली गलौज कर चाचा ईतवारी राम मेरे पिताजी को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने उतारू हो गया, तब मै बीच बचाव करने गया और दोनों को अलग किया, जमीन के बात को लेकर चाचा व चाची अक्सर वाद विवाद करते रहते है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धारा 296, 3(5),, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सिवनी आर्दश नगर वार्ड न0 3 निवासी चंद्रिका ढीमर ने पुलिस को बताया कि दीवाल को मैं साडी लकडी से ढकी थी, जिसे मेरे जेठ भारत लाल ने खिचकर हटा दिया, तब मैं बोली कि दिवाल टुट गया है।

जानवार घुस जाते है आप क्यो लकडी और साडी को हटाये हो, इस पर भारत लाल मेरा बाल पकडकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का एवं लकडी से मारपीट करने लगा, तभी जेठ का लडका टीकम और जेठानी पूर्णिमा भी आ गई और सभी गाली गलौज करते हुए धमकी देकर तीनो हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट करने लगे। मारपीट से मेरे दाहिने घुटने एवं दोनो हाथ में चोट आकर दर्द है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** सब्जी बेचने गया युवक रात्रि में रास्ते में स्थित नानी के घर रूक गया, जिसके बाद देर रात सोने के लिए जगह के विवाद में युवक के मौसा व मौसी के भाई ने युवक के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद युवक ने अपने मौसा व उसके भाई के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमें पुलिस ने 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्र. 27 इंदिरानगर दल्लीराजहरा निवासी कार्तिक ने पुलिस को बताया कि 16 अक्टूबर को मेरे मामा राजहरा निवासी रवि साहू जो सब्जी धंधा का काम करता है, उनके बोलने पर मैं सब्जी बेचने के लिए गाडी से ग्राम तडोकी बाजार गया था, रात्रि करीबन 11 बजे मैं ग्राम तडोकी से सब्जी बेचकर दल्लीराजहरा जा रहा था, तो चोरहापडाव (गोटुलमुंडा) में मेरी नानी शिवबती साहू रहती है, जिसका घर रोड किनारे है, नानी के घर में मेरे मौसा रंजन रहता है व उनका बडा भाई सुरेश सभी घर के बाहर बैठे थे, जिनको देखकर मैं रूक गया, नानी के बोलने पर मैं खाना खाकर नानी के घर के परछी में रात्रि करीब 01.30 बजे सो गया था, तभी मौसा रंजन और उनका बडा भाई सुरेश आकर मुझे हम दोनो को सोने के लिए जगह दो कहते हुए मुझे गाली गलौच देने लगा, मेरे द्वारा मना किया गया, तो सुरेश के द्वारा हाथ, पैर से मेरे साथ मारपीट करने लगा, मेरे द्वारा बीच बचाव किया जा रहा था, तो सुरेश का छोटा भाई मेरा मौसा रंजन लकडी का डंडा लेकर आ गया व दोनो भाई मेरे साथ मारपीट करने लगा, मेरे मौसा के द्वारा लकडी के डंडा से मुझे मारपीट करने से पीछे पीठ व दांया पैर के अंगुठा व सुरेश के द्वारा हाथ पैर से मारने से मेरा चेहरा, आंख के पास चोट लगा है।

### सुवा गीत और नृत्य से गूंजे आंगन - दीपोत्सव की रौनक बढ़ाने निकलीं टोली



**जामगांव आर।** दीपोत्सव पर्व का आगाज कराने वाली सुवा गीत की सुमधुर आवाज और नृत्य का मनभावन घरों के प्रांगण में गूंजने लगी है। कुम्हारी एरिया थर्ड जेंडर समूह पहली बार जामगांव आर में सुवा नृत्य की प्रस्तुति घर घर के प्रांगण में देकर आगे बढ़ते गए और शुक्रवार को जामगांव आर मिडिल स्कूल की छात्रएं काजल ठाकुर, लोमिता ठाकुर, गेमेश्वरी ठाकुर, आंचल कुम्हार, प्राथमिक छात्र योगिता ठाकुर, चंचल धीवर, मुक्ता निर्मलकार, संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन करते हुए घर घर जाकर सुवा गीत नृत्य का मनभावन प्रदर्शन किए।

टोकनी में सुवा प्रतीकात्मक बैठाकर सुवा गीत नृत्य की परंपरा छत्तीसगढ़ में सदियों से चली आ रही है। संस्कृति के इस परम्परा का निर्वहन महिलाएं बच्चियां बखूबी निभाते हुए आदर सम्मान स्नेह का भाईचारा के पर्व दीपोत्सव में चार चांद लगाते है।

## नपं अध्यक्ष जैन ने खाद्य मंत्री बघेल से मुलाकात कर मांगें रखीं



**गुण्डरदेही।** जिला भाजपा कार्यालय बालोद में शुक्रवार को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने सौजन्य मुलाकात की और मार्केटिंग सोसायटी से जुड़ी दो प्रमुख मांगें रखीं।

मुलाकात के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने मंत्री बघेल को बताया कि धान खरीदी के समय मार्केटिंग सोसायटी से किसानों को बारदाना उपलब्ध कराया गया था जिसकी राशि अभी तक नहीं दी गई है। उसका पैसा राज्य के कुछ अन्य जिलों में मार्केटिंग सोसायटियों को दिया जा रहा है, बालोद जिले के मार्केटिंग सोसायटियों को भी इसका भुगतान किया जाना चाहिए। प्रमोद जैन ने गुण्डरदेही सोसायटी आय और सुविधाओं में वृद्धि के उद्देश्य से मार्केटिंग सोसायटी में एक व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए राशि की तत्काल स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। इस कॉम्प्लेक्स के बनने से मार्केटिंग सोसायटी की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। जिस पर खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने दोनों मांगों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## रजत महोत्सव पर कुष्ठ और हाथीपांव रोग शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

- रोग प्रभावित अंगों की स्वच्छता और संक्रमण से बचाव पर जोर

विकास खण्ड गुरूर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएल उईके के निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी डॉ जीआर रावटे के मार्गदर्शन मे खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती के निगरानी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरूर में रजत महोत्सव के अवसर पर सियान जतन एवं हाथीपांव व कुष्ठ रोग विकृति सुधार एवं बचाव हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित कुष्ठ व फाईलेरिया मरीजों का सम्मान करते हुए फिजियोथैरेपिस्ट वेदप्रकाश साहू, एनएमए आरके साहू, आरएचओ देवेंद्र साहू द्वारा कुष्ठ रोग विकृति की रोकथाम प्रबंधन व जलतेल उपचार पद्धति के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा कर जानकारी दिया गया। फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा तंत्रिकाओं से संबंधित कमजोरी को दूर करने योग शिक्षा सह प्रशिक्षण दिया गया साथ ही उपस्थित हाथी पाव से पीड़ित व्यक्तियों को केआर उर्वशा द्वारा रूग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता निवारण के विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा सह प्रशिक्षण दिया गया।

जिससे कि मरीज़ अपने घर पर स्वयं अपने प्रभावित अंग को साफ सफाई कर विकृति एवं संक्रमण से बचा सके उपरोक्त सभी विषयों पर आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया। उक्त अवसर पर बीपीएम योगेश साहू, सेक्टर सुपरवाइजर जेडी गंधर्व, अलका कुमारा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के साहू एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित थे।

## कलेक्टर मिश्रा ने वृद्धाश्रम का दौरा कर वृद्धजनों का हालचाल जाना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- स्वास्थ्य और सुविधाओं का लिया जायजा

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के समीप आदमाबाद में स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से भेंट कर उनका हालचाल जाना।

इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों से आत्मीय बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, भोजन, नाश्ता, इलाज, मनोरंजन एवं आवासीय व्यवस्था, साफ–सफाई आदि के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने वृद्धजनों को कपड़ा आदि भी भेंट किया और दीपावली के पावन पर्व की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर मिश्रा के आत्मीय व्यवहार से वृद्धजन बहुत ही प्रसन्नचित नजर आने के साथ–साथ अपनत्व का भी अनुभव कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित वृद्धाश्रम के कर्मचारियों को वृद्धजनों को समय पर भोजन, नाश्ता एवं शुद्ध पेयजल कराने के अलावा उनके मनोरंजन एवं समय पर इलाज की सुविधा भी उपलब्ध कराने को कहा।

### मिशन वात्सल्य के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए 24 को साक्षात्कार

**बालोद।** मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई किशोर न्याय बोर्ड एवं चाईल्ड हेल्प लाईन के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु साक्षात्कार 24 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड एवं चाईल्ड हेल्प लाईन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु साक्षात्कार 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय पंचायत संसाधन केन्द्र पाकुरभाठ (आरटीओ ऑफिस के पास) में आयोजित की गई है।

## दीपावली त्योहार पर घर लौटते प्रवासी स्टेशन और बस अड्डों पर लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





- अधिकांश लोग सालभर दूर रहकर केवल दीपावली पर ही घर आ पाते हैं

दीपावली त्यौहार नजदीक आते ही घरो से दूर रहने वाले लोग इस खास त्यौहार पर अपने घर पहुंचने लगे है। जिसके कारण जिले के रेल्वे स्टेशनो से लेकर बस स्टेशन में भीड़ देखने को मिल रही है।

जिले मे ऐसे कई लोग है जो अपने परिवार व अपने घरो से दूर रहकर कही अन्यंत्र नौकरी से लेकर काम धंधा व रोजी मजदूरी के लिए जाते है तथा दीपावली त्यौहार जैसे खास त्यौहार पर ही साल में एक बार अपने घर परिवारिक जन के बीच त्यौहार मनाने से लेकर उनसे मिलने के लिए पहुंचते हैं। जिसके कारण इस त्यौहारी सीजन मे ट्रेनो व बसो के माध्यम से आवागमन बढ़ जाता है, जिसके कारण वर्तमान मे जिले के रेल्वे स्टेशनो से लेकर बस स्टैण्ड मे भीड़ देखने को मिल रही है। यात्रियो से बात करने पर उन्होने बताया कि वे परिवार को घर मे छोड़कर बैंगलोर, पुणे, महाराष्ट्र जैसे जगहो मे रहकर नौकरी के साथ रोजी मजदूरी का काम करते है ताकि परिवार का रोजी रोटी चल सके, इस खास त्यौहार दीपावली के अवसर पर ही उन्हे घर आने का एक मौका मिलता है, अन्य समय मे वे घर तो आना चाहते है लेकिन काम के कारण चाहते हुए भी कई बार घर नही आ पाते। ऐसे मे दीपावली का त्यौहार ऐसे परिवारो के लिए बेहद खास हो जाता है। जहां स्टेशनो मे परिवारिक जन अपने परिवार के सदस्य को लेने के लिए पहुंच रहे है। वही इस दौरान कई ऐसे है जो दीपावली के अवसर पर खरीददारी करने के लिए ट्रेन व बसो के माध्यम से सफर कर अपने पसंदीदा जगहो मे जाकर सामान खरीदने के लिए सफर करते दिख रहे है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411